अव्यवस्था | टूटी सड़के, बंद स्ट्रीट लाइटें और गंदगी बनी बिरसामुंडा वार्ड की पहचान

# अव्यवस्थाओं से नागरिक हो रहे परेशान






**जबलपुर, नवभारत।** शहर के महाराजपुर स्थित बिरसामुंडा वार्ड में सुविधाओं की कमी साफ तौर पर देखने को मिल रही है। यहाँ की सड़कों की हालत बहुत खराब है, यहाँ की सड़के गड्ढे और उबड़-खाबड़ रास्ते लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। खासकर रात के समय इन सड़कों पर चलना खतरे से भरा साबित हो रहा है।सिर्फ़ सड़के ही नहीं यहाँ लगी स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी सही नहीं है। कई जगहों पर लाइट पेड़ों के बीच छिपी हुई है या खराब है, जिससे अंधेरे की समस्या बनी रहती है। इससे न केवल दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है बल्कि सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े होते हैं।

### आमजनों को मिले सुकून

साथ ही, सड़कों के किनारे गंदगी और मलबा जमा होने से क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। यहाँ की समस्याओं को देखते हुए संबंधित विभागों को जल्द से जल्द ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके और क्षेत्र में समान सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध हो सकें।

### इनका कहना है



स्ट्रीट लाइट ठीक से काम नहीं करती, रात में भय का माहौल बना रहता है, क्योंकि पूरी सड़क में अंधेरा छाया रहता है।

**संगीता पाठक, रहवासी**



बारिश के समय तो हालात और खराब हो जाते है, पूरा रास्ता कीचड़ में बदल जाता है व गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

**सौरभ मंडलोई**

सड़क और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था को लेकर संबंधित विभाग को निर्देश दे दिए गए हैं, जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा।

**लक्ष्मी लक्ष्मण गोटिया**
**पार्षद, बिरसामुंडा वार्ड**

# मास्टर प्लान के ड्राफ्ट का नहीं किया प्रकाशन

**हाईकोर्ट ने कहा - आठ सप्ताह में किया जाये अभ्यावेदन का निराकरण**

**जबलपुर।** मास्टर प्लान के ड्राफ्ट का प्रशासन नही किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि नगर तथा ग्राम निवेश डायरेक्टर द्वारा मास्टर प्लान ड्राफ्ट 31 जनवरी 2026 को भेजा जा चुका है। इसके बावजूद भी अभी तक उसका प्रकाशन नहीं किया गया। हाईकोर्ट जस्टिस एन एल भट्ट की एकलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए अपने आदेश में कहा है कि आठ सप्ताह में याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निराकरण किया जाये।

दाई बिल्डर एसोसिएशन जबलपुर के दीपक अग्रवाल की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि जबलपुर का मास्टर प्लान 2008 से प्रभावशील जबलपुर का मास्टर प्लान वर्ष 2021 में समाप्त हो चुका है। पांच साल से अधिक का समय गुजर जाने के बावजूद भी अभी तक नया मास्टर प्लान का प्रकाशन नहीं किया गया है। जबलपुर की नगर निगम सीमा में साल 2014 में 125 ग्राम को आठ सीमा में जोड़ा गया है। उनके लिए भी कोई मास्टर प्लान नहीं बनाया गया है। जिसके कारण शहर का विकास प्रभावित हो रहा है। मास्टर प्लान के अभाव में बिल्डरों के प्रोजेक्ट स्वीकृत नहीं हो रहे है। इसके अलावा अवैध निर्माण से सरकार को भी लाखों की आर्थिक क्षति हो रही है। नगर तथा ग्राम निवेश डायरेक्टर द्वारा मास्टर प्लान ड्राफ्ट 31 1 2026 को अधिनियम की धारा 18 के तहत पब्लिकेशन के लिए भेजा गया था। दो माह से अधिक का समय गुजर जाने के बावजूद भी उसका प्रकाशन नही किया गया हे। इस संबंध में अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं होने के कारण उक्त याचिका दायर की गयी है। सरकार की तरफ से बताया गया कि मामला विचाराधीन है। याचिका का निराकरण करते हुए एकलपीठ ने उक्त आदेश जारी किये। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पैरवी की।

# युवक को पीटने वाले दोनों आरक्षक निलंबित

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत रामपुर चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक में अमरनाथ यात्रा के पंजीकरण के दौरान लगी लाइन के दौरान उपजे विवाद के बाद युवक की पिटाई करने वाले दो आरक्षकों को पुलिस अधीक्षक ने सस्पेंड कर लाइन अटैच कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

विदित हो कि घमापुर निवासी सोनू उर्फ गौरव कुमार महोलिया गुरूवार सुबह अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण कराने रामपुर चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक पहुँचा था। गौरव का आरोप रहा कि वे लाइन में लगा था उसका नंबर आगे था भीड़ एकदम से बैंक में घुसने लगी तो धक्का-मुक्की हो गई तभी ड्यूटी पर तैनात आरक्षक योगेन्द्र कुमार और तरूण मिश्रा ने ने बिना किसी कारण के उसे लाइन से बाहर धकेल दिया था और गला पकड़ा इसके बाद उसे थप्पड़ मारे थे। इसके बाद पुलिस उसे जबरन रामपुर चौकी ले गई, जहाँ एक बंद कमरे में उसकी निर्दयता से आधे घंटे तक बेल्ट और डंडों से पिटाई की गई थी। उसे सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिना किसी कानूनी आधार के हिरासत में रखा गया था। इसके बाद वे थाने पहुंचा तो वहां पुलिस ने उस पर दबाव बनाया और शिकायत वापस लेने पर झूठा मामला दर्ज करने की धमकी दी। दोपहर करीब 3 बजे धमकी देकर छोड़ा गया था।

# स्वच्छता कार्यों में लापरवाही ,जोन 5 के उपयंत्री निलंबित, कुल 14 लापरवाह अधिकारी थे रडार पर

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही शुरू कर दी है। शनिवार को निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा औचक निरीक्षण के बाद, वार्ड नंबर 25 में अव्यवस्था पाए जाने पर जोन 5 के उपयंत्री संदीप पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार स्वच्छता सर्वेक्षण के पूर्व प्रसारित दिशा-निर्देशों के पालन की स्थिति जांचने के लिए निगमायुक्त द्वारा वार्ड 25 का भौतिक सत्यापन किया गया था। समीक्षा के दौरान पाया गया कि ?वार्ड की सफाई व्यवस्था शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में चल रही निर्माण गतिविधियाँ भी मानकों के विपरीत और असंतोषजनक पाई गईं थीं। वहीं सूत्रों के माने तो शनिवार दोपहर निगमायुक्त ने करीब 14 लापरवाह नगर निगम के जिम्मेदारों को कार्रवाई की रडार पर रखा था, लेकिन अधिकृत रूप से शॉर्ट उपयंत्री जोन 5 के उपयंत्री पर कार्रवाई करना सवालों के घेरे में रहा। सवाल ये खड़े हुए हुए कि बाकी जिम्मेदारों के नाम क्यों सार्वजनिक नहीं किए गए।

### लापरवाही और उदासीनता का आरोप

निगमायुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने ?आदेश जारी कर कहा है कि संदीप पाण्डेय मूल पद: सहायक राजस्व निरीक्षक, वर्तमान पदस्थापना: उपयंत्री जोन 05 ने अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता और गंभीर लापरवाही बरती है। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद स्वच्छता कार्यों के प्रति उनकी उदासीनता 'प्रथम दृष्टया' प्रमाणित पाई गई।

### निलंबन और विभागीय जांच

म.प्र. सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9(1) क के तहत कार्रवाई करते हुए अपर आयुक्त ने निलंबन आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय 'स्वच्छता सेल, नगर निगम जबलपुर' नियत किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। इस मामले में अब पृथक से विभागीय जांच भी संस्थित की जाएगी। स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# उड़ीसा से जबलपुर लाया गया 4 .89 लाख का गांजा समेत 3 तस्कर पकड़ाए

**जबलपुर।** तिलवारा पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 9 किलो 781 ग्राम अवैध गांजा लगभग 4 लाख 89 हजार रुपये का बरामद किया गया है। पकड़े गए तस्कर उड़ीसा से माल लाकर शहर में पुड़िया बनाकर बेचने की फिराक में थे। तिलवारा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि चूल्हा गोलाई वन चौकी के पास पुलिस पहुँची, तो तीन युवक हाथ में बैग लिए संदिग्ध हालत में खड़े दिखे। पुलिस की गाड़ी देखते ही तीनों घबरा गए और नहर के रास्ते जंगल की ओर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी की और शुभम पटेल निवासी तिलवारा, शुभम शुक्ला निवासी विदिशा और नीरज डेहरिया निवासी तिलवारा) को पकड़ा। जब पुलिस ने इनके पास मौजूद पिट्ठू बैग और थैलों की तलाशी ली, तो अंदर गांजे के पैकेट बरामद हुए। पुलिस ने कुल 9 किलो 781 ग्राम मादक पदार्थ जब्त कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने कि वे यह खेप तितलागढ़ (उड़ीसा) निवासी क्षितिज साहू से खरीदकर लाए थे। आरोपी इस थोक माल की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर स्थानीय स्तर पर फुटकर में बेचने की योजना बना रहे थे। पुलिस अब उड़ीसा स्थित मुख्य सप्लायर की तलाश में कड़ियां जोड़ रही है।

# पारा 41 डिग्री पार, नौनिहालों को गर्मी से राहत, दोपहर 12 बजे तक लगेंगी कक्षाएं

**जबलपुर।** शनिवार को पारा 41 डिग्री पार हो गया। सुबह से सूर्यदेव के तेवर उग्र रहे । बीच बीच में बादलों ने डेरा डालने की कोशिश की लेकिन सूरज के सामने बादलों की नहीं चली। दिनभर लू के साथ झुलसाने वाली हवाएं चली। चिलचिलाती धूप से लोग बेहाल हो गए ।

नौनिहाल भी बेहाल थे। जिन्हें कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने राहत दे दी है । दरअसल जिले में ग्रीष्म ऋतु में निरन्तर तापमान में वृद्धि होने के कारण विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना के मद्देनजर सभी



शासकीय एवं अशासकीय (सभी परीक्षा बोर्ड से सम्बद्ध) विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के छात्र, छात्राओं के लिए शाला संचालन का समय प्रात: 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिक्षक लक्ष्य अनुसार नामांकन, आधार अपडेशन एवं अपार आईडी एवं अन्य कार्य शाला में उपस्थित रहकर समय सीमा में पूर्ण करेगें। इसी क्रम में जिले में संचालित समस्त आंगनवाडी केन्द्र बच्चों के लिए प्रात: 8 से 12 बजे तक संचालित होंगे। यह आदेश 21 अप्रैल से प्रभावशील होगा। शनिवार को अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया सुबह के वक्त आद्रता 36 और शाम को 32 प्रतिशत दर्ज की गई। पश्चिमी हवाएं चार से पांच किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलती रहीं । मौसम विभाग की माने तो 22 अप्रैल तक जबलपुर जिले में दिन का तापमान 41 से 42.5 डिग्री सेल्सियस और एवं रात का तापमान 22 से 23.5 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है, जिस कारण दिन में लू भी चल सकती है।

पश्चिमी विक्षोभ, माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर उत्तर पाकिस्तान 2 एवं निकटवर्ती क्षेत्रों के ऊपर एक चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में अवस्थित है। उत्तर एवं उत्तर-पूर्व भारत के ऊपर, माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊंचाई पर, लगभग 148 किमी प्रति घंटा की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही है।

# जर्जर मकान की दीवार ढहने से एक की मौत

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत धनपुरी में शनिवार सुबह एक पुराने जर्जर मकान को तोड़ने के दौरान अचानक दीवार गिर गई, जिसके मलबे में दबने से 40 वर्षीय एक मजदूर की जान चली गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धनपुरी निवासी धर्मचंद कैशरवानी के पुराने जर्जर मकान को ढहाने का काम चल रहा था। शनिवार सुबह लगभग 11:30 बजे, मजदूर दुर्जन सिंह पिता सुम्मत सिंह, 40 वर्ष दीवार तोड़ने के काम में लगा हुआ था। इसी दौरान दीवार का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर सीधे दुर्जन के ऊपर गिर गया। मलबे की चपेट में आने से उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों ने एम्बुलेंस 108 की मदद से घायल दुर्जन सिंह को विक्टोरिया अस्पताल पहुँचाया। हालांकि, चोटें इतनी गंभीर थीं कि अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों ने उसे चेक किया और मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि यह हादसा सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण हुआ या कोई तकनीकी चूक थी, इसकी जांच की जा रही है। मकान मालिक और मौके पर मौजूद अन्य श्रमिकों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# चोरों ने अलमारी काट कर पार किए 4 .50 लाख नगद और जेवर

**मुंडन कार्यक्रम में गया था परिवार**

**जबलपुर।** बेलबाग थाना थाना अंतर्गत लकड़गंज में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए घर में घुसकर न केवल ताले तोड़े, बल्कि कटर से अलमारी को काटकर उसमें रखे साढ़े चार लाख रुपये नगद और सोने-चांदी के कीमती जेवर लेकर रफूचक्कर हो गए।

जानकारी के अनुसार, लकड़गंज निवासी जावेद अली (33) बारदाने का व्यवसाय करते हैं, परिवार एक मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने गया था। इसके बाद जावेद की मां, पत्नी और बच्चे घर पर ताला लगाकर मदनमहल दरगाह



चले गए थे। सुरक्षा के लिहाज से जावेद की पत्नी ने घर की चाबी पास ही स्थित मोबाइल दुकानदार मुबिन को सौंप दी थी। बाद में जावेद अली ने मुबिन से चाबी लेकर मेन गेट खोला, तो भीतर का नजारा देख दंग रह गया। कमरे की जंजीर और ताला टूटा हुआ था। भीतर जाकर देखा तो अलमारी का लॉकर कटा हुआ था। चोरों ने न केवल जावेद के कमरे बल्कि उनके बड़े भाई के कमरे को भी निशाना बनाया। जावेद के कमरे की अलमारी से सोने की नाक की लौंग, चांदी के कड़े, दो जोड़ी पायल और अन्य जेवरों सहित 4 लाख रुपये नगद गायब थे। वहीं बड़े भाई के कमरे की अलमारी का लॉकर काटकर चोरों ने वहां रखे 50 हजार रुपये पर भी हाथ साफ कर दिया। कुल मिलाकर 4 लाख 50 हजार रुपये नगद और लाखों के जेवर चोरी हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके।

### धड़धड़ाते हुए गुजर गई ट्रेनें, दो की मौत

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत सतपुला ब्रिज के पास एवं गोसलपुर सिहोरा डाउन ट्रेक खजरी फाटक के आगे ट्रेनें दो अधड़े पर धड़धड़ाते हुए गुजर गई। जिससे दोनों की मौत हो गई। रांझी पुलिस ने बताया कि शनिवार को रेल्वे स्टेशन से ट्रेक मैनटेनर अभिषेक सिंह परिहार 34 वर्ष ने सूचना दी कि सतपुला ब्रिज के पास लगभग 55 वर्ष अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की शिनाखत्गी के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी प्रकार गोसलपुर थाने में रेल्वे स्टेशन गोसलपुर से प्वाइंट्स मेन चंदन कुमार 30 वर्ष ने सूचना दी कि गोसलपुर सिहोरा डाउन ट्रेक खजरी फाटक के आगे ताहर काछी उर्फचैनू पिता चन्नूराम काछी 55 वर्ष निवासी खजरी गोसलपुर की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

# नगर निगम सदन में गूंजी 'इको-फ्रेंडली' राम कथा की गूंज

**समरसता सेवा संगठन की हुई सराहना**

**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी में भक्ति, आध्यात्म और पर्यावरण संरक्षण के अनूठे मेल ने एक नई मिसाल पेश की है। गौरीघाट के पावन तट पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजित 'इको-फ्रेंडली राम कथा' की गूंज अब जबलपुर नगर निगम के सदन तक पहुँच गई है। सदन की कार्यवाही के दौरान आसंदी से इस भव्य और अनुशासित आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई।




नगर निगम के सदन में चर्चा के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' और निगमाध्यक्ष रिंकू विज ने आयोजन की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समरसता सेवा संगठन ने न केवल आध्यात्मिक चेतना जागृत की, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति नागरिक जिम्मेदारी का भी बेहतरीन उदाहरण पेश किया। सभी पार्षद साथियों ने भी मेजें थपथपाकर समिति के प्रयासों का समर्थन किया।

### स्वच्छता और भक्ति का अनूठा संगम

संगठन द्वारा आयोजित इस कथा की सबसे बड़ी विशेषता इसका 'इको-फ्रेंडली' स्वरूप रहा। आयोजन के दौरान समिति के सदस्यों द्वारा स्वच्छता का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। कथा स्थल पर प्लास्टिक का उपयोग नगण्य रहा और कचरा प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए गए। श्रद्धालुओं को धर्म के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण की शपथ दिलाई गई। गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार नगर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी से जनजागरुकता किया जा रहा है। इसी कड़ी में समरसता सेवा संगठन के द्वारा भी स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में भागीदारी कर एक प्रेरणादाई संदेश दिया गया है।

लापरवाही | चार साल पहले स्मार्ट सिटी ने 6 करोड़ रुपए खर्च कर तालाब का सौंदर्याकरण किया था

# रानीताल तालाब के चारों ओर फैली गंदगी और जलकुंभी





**जबलपुर, नवभारत।** कभी ताल तलैयों का शहर रहे जबलपुर में स्थित रानीताल तालाब आज जलकुंभी और गंदगी से सराबोर है। तकरीबन चार साल पहले स्मार्ट सिटी ने 6 करोड़ रुपए खर्च कर तालाब का सौंदर्याकरण किया था। अब हालत यह है पूरा तालाब जलकुंभी से घिर गया है। यहां पर नाले का पानी साफ करने के लिए लगाया गया सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी बंद हो गया। अब नाले का गंदा पानी सीधे तालाब में मिल रहा है। इससे तालाब के पानी से दुर्गन्ध फैलने लगी है।

### बर्बाद होता जा रहा है तालाब

शहर में तालाबों का रखरखाव किस तरीके से किया जा रहा है, इसकी बानगी शहर के मध्य में स्थित रानीताल तालाब में देखी जा सकती है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि स्मार्ट सिटी ने चार साल पहले रानीताल तालाब की सफाई कराई थी। तालाब के चारों तरफ पाथवे बनाकर यहां पर आकर्षक लाइटें लगाई गई थीं। यहां पर मिलने वाले गंदे नाले पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया था। इससे यहां पर बड़ी संख्या में लोग घूमने आने लगे थे। स्मार्ट सिटी ने तालाब के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया। इससे पूरा तालाब जलकुंभी से घिर गया। अब तालाब में पानी दिखाई ही नहीं दे रहा है।

### लाइटें हो जाती है बंद

रानीताल तालाब के किनारे आकर्षक लाइटें होने के कारण यहां पर रात के समय बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक वॉकिंग और घूमने के लिए आया करते थे। रखरखाव नहीं होने के कारण यहां की लाइटें बंद हो चुकी हैं। रात के समय यहां पर अंधेरा छाया रहता है। इसके कारण रात के समय लोगों ने यहां पर आना बंद कर दिया है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि रानीताल तालाब के सौंदर्याकरण पर 6 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। तालाब परिसर को जल्द ही व्यवस्थित किया जाना चाहिए।

### शादी से लौट रहे युवक पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रहे युवकों को रोककर बदमाशों ने पहले शराब के लिए पैसों की डिमांड की और इनकार करने पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार गोहलपुर निवासी नाहिद मंसूरी (22) अपने दोस्तों मोहम्मद इस्तयार, एजाज अंसारी और मारूफ कुरैशी के साथ बीती रात दोस्त शेख फैजान की बहनों की शादी में शामिल होने गाजीबाग मैरिज हॉल गए थे। रात करीब 10 :30 बजे खाना खाने के बाद सभी दोस्त टहलते हुए चाय पीने के लिए गाजी नगर की ओर जा रहे थे। रास्ते में उन्हें इलाके के दो बदमाश अरमान और अयान मिले। आरोपियों ने नाहिद और उसके दोस्तों को रोक लिया और शराब पीने के लिए 1000 की मांग करने लगे।

# बेकाबू डंपर खड़े ट्रक से टकराया, एक घायल

**नागा घाटी में हुआ हादसा**

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत नागा घाटी में जबलपुर-मंडला हाइवे में शनिवार सुबह तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया ।

जानकारी के अनुसार मंडला की ओर एक डंपर जबलपुर तरफ आ रहा था। वह जैसे ही शनिवार सुबह करीब 11 बजे नागा घाटी में जबलपुर-मंडला हाइवे में पहुंचा तभी चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। बताया जाता है कि



ट्रक के टायर गर्म होने के कारण चालक वाहन सड़क किनारे रोककर टायर ठंडा कर रहा था तभी डंपर ने ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी और ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया । इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसके पैर में फैक्चर है।